Book
Exhibition
24 Aug- 2021

पुस्तकों में है ज्ञान का भंडार

डोंगरगढ़। नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन एवं पुस्तकालय विभाग के प्रमुख नितेश तिरपुडे के मागदर्शन में एक दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर थे। क्रीड़ा अधिकारी डॉ.एमएल नंदेश्वर ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रंथालय के जनक एवं पदमश्री से सम्मानित डॉ. एसआर रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। पुस्तक मेले में आमत्रित नगर के बुक स्टॉल के संचालक शिवराज बोरकर ने कालेज के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा एवं विषय से संबंधित उपयोगी पुस्तके, मैग्जिन एवं पत्र-पत्रिकाओं का स्टाल लगाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जाम्बुलकर ने ग्रंथालय के जनक डॉ. रंगनाथन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अध्यक्ष क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर ने कहा कि वैश्विक महामारी के दौरान सभी शिक्षण संस्थाएं बंद थी। भौतिक रूप से उपस्थित होकर किसी भी तरह के आयोजन में मनाही थी। इसी कारण से महाविद्यालय में पुस्तक मेले का आयोजन नहीं हुआ था। ग्रंथपाल श्री

तिरपुडे ने पुस्तक की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षको का उस ज्ञान के खजाने से परिचित करना है जो ग्रंथालय में उपलब्ध है। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आरआर कोचे ने कहा कि आज युग इंटरनेट का है, किन्तु पुस्तको का अपना एक अलग महत्व है। पुस्तक मेले में प्राध्यापक बीआर सिवारे, संजय तिवारी, बीएस मंडावी, बीआर कोसले, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, सोहद्रा उइके, शरद लाटा, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, मीनाक्षी बोपचे, शैलेन्द्र यादव, खेमनलाल धनेन्द्र, विनोद सहारे, डाकेश्वर वर्मा, विक्की रामटेके, रमन साहू, मोहनीश तुरकर आदि शामिल हुए।

कॉलेज में पुस्तक मेले का आयोजन

डोंगरगढ़ @ पत्रिका. शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के दिशा निर्देशन एवं पुस्कालय विभाग के प्रमुख ग्रंथपाल नितेश तिरपुड़े के मागदर्शन में ग्रंथालय विभाग द्वारा अकादमिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए 24 अगस्त को एक दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन ग्रंथालय परिसर में किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एमएल नंदेश्वर की अध्यक्षता में सपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने ग्रंथालय के जनक व पदमश्री से सम्मानित डॉ. एसआर रंगनाथन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकालय एक सार्वजनिक संस्था है। जिसका कार्य पुस्तकों का संग्रहण देखभाल एवं रख-रखाव करना है तथा उनको पाठकों को आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराना है। उक्त कार्य को संपन्न करने के लिए आवश्यक नियमो का पालन करना अनिवार्य है।

पुस्तक मेले में प्राध्यापक बीआर सिवारे सहित कर्मचारीगण संजय तिवारी, बीएस मंडावी, बीआर कोसले, केजी सोनकर, विवेक श्रीवास, सोहद्रा उइके, शरद लाटा, संदीप गजभिये, सुशील सोनवानी, मिनाक्षी बोपचे, शैलेन्द्र यादव, खेमनलाल धनेन्द्र, विनोद सहारे सहित छात्र-छात्राओं में डाकेश्वर वर्मा, विक्की रामटेके, रमन साहू, मोहनीश तुरकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

GPS Map Ca
ongargarh, Chhattisgarh, India
nandgaon - Dongargarh Rd, Dongargarh, Chhattisgarh 491445, Indi
21.193452°
ng 80.76692°
/08/21 11:44 AM